आईआईएफएल लगाएगा बी मॉनसून रेडी स्वास्थ्य शिविर

• सात सौ से ज्यादा शहरों में होगा आयोजन

नई दिल्ली। नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनी आईआईएफएल फाईनेंस ने आईआईएफएल फाउंडेशन के साथ मिलकर अपनी शाखाओं के जरिए बी मॉनसून रेडी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रहा है।

कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि वह मिलन के बैनर तले अनेक सामुदायिक गतिविधियां आयोजित करती रही है जो समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं और स्थानीय समुदाय एवं समाज को अपना योगदान देने के आईआईएफएल के मिशन का हिस्सा हैं। मॉनसून के साथ अनेक बीमारियों का आगमन होता है और आईआईएफएल फाईनेंस नागरिकों को सेहतमंद रखने के मिशन पर है। जुलाई 2019 के तीसरे सप्ताह, आईआईएफएल ने देश के 700 से ज्यादा शहरों में 1035 निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए। 'बी मॉनसून रेडी' की थीम के तहत आयोजित किए गए इन स्वास्थ्य शिविरों से 24,130 नागरिकों को मॉनसून से जुड़ी बीमारियों को समझने में मदद मिली और उन्होंने इनके लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जाना।